**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 185/07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/11-परीक्षा/2024**

लखनऊ : दिनांक : 24 अगस्त, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-11-परीक्षा/2024, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/11 के अंतर्गत परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 4892 पद (सामान्य चयन) व 380 पद (विशेष चयन) सहित कुल रिक्त 5272 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 27.11.2024 थी। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) दिनांक 11.01.2026 को आयोजित की गयी थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक (पुरुष और महिला) अराजपत्रित सेवा नियमावली, 2018 के भाग-5 के नियम 15 (ख) के अनुसार चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश में संविदा के आधार पर सहायक नर्स मिडवाइफ के रूप में कार्यरत व्यक्ति को, अधिकतम पंद्रह अंको के अध्यधीन निम्नलिखित रीति में अधिमानी अंक प्रदान किये जायेंगे:-

(एक) संविदा के आधार पर पूर्ण की गई सेवा के प्रथम वर्ष के लिये......तीन अंक

(दो) संविदा के आधार पर की गई सेवा के अगले और सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए........

प्रत्येक वर्ष हेतु तीन अंक

उपर्युक्तानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अधिमानी अंको को, जहां पर लागू हो, आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको में जोड़ दिया जायेगा।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र० के अधीन संविदा पर ए०एन०एम० पद पर की गयी सेवा का भारांक प्रदान किये जाने हेतु क्यू०आर० कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन / निर्गमन हेतु शासनादेश संख्या-94/पांच-10-2026, दिनांक 04 जून 2026, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा जारी किया गया था। उक्त शासनादेश के क्रम में निर्गत अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों के आधार पर अधियाचनकर्ता विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अनुभव सम्बन्धी डाटा के अनुसार आगणित अधिमानी अंकों को आनलाइन आवेदन में संविदा के आधार पर सहायक नर्स मिडवाइफ के रूप में कार्य करने के अनुभव का दावा करने वाले एवं मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों में जोड़ दिया गया है।

सूच्य है कि विज्ञापन संख्या-11-परीक्षा/2024 के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के रिक्त उक्त कुल 5272 पदों के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) में शून्य व ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर अवशेष अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों में संविदा के आधार पर सहायक

नर्स मिडवाइफ के रूप में कार्य करने के अनुभव के सापेक्ष प्राप्त अधिमानी अंकों (जहां पर लागू हो) को जोड़ते हुए, कुल प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट क्रम में अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह कुल 10272 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कट-ऑफ अंक को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम अर्हता / अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।**

**सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों को अभिलेख अपलोड किये जाने के संबंध में यथासमय पृथक से आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।**

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-11-परीक्षा/2024 के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) की लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये 10272 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Results Segments पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

24.8.26

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।**

संख्याः–928 / गोपन / 01 / 06 / 2025 / 2026

लखनऊः दिनांक 24 अगस्त, 2026

**कट–ऑफ**

आयोग के विज्ञापन संख्या–11–परीक्षा / 2024, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0–2023) / 11 के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) के प्राप्तांकों में संविदा के आधार पर सहायक नर्स मिडवाइफ के रूप में कार्य करने के अनुभव के सापेक्ष प्राप्त अधिमानी अंकों (जहां पर लागू हो) को जोड़ते हुए, कुल प्राप्तांकों के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ अंक–

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 61.75 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 56.75 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 31.75 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 55.25 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 55.00 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 30.00 |
| 2 | दिव्यांगजन | पद चिन्हित नहीं है। |
| 3 | महिला | शत प्रतिशत महिला संवर्ग का पद है। |
| 4 | सैन्य वियोजित / भूतपूर्व सैनिक | अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं। |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | उपलब्धता की सीमा तक समस्त अभ्यर्थी चिन्हित। |

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।